भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1624

सोमवार, 31 जुलाई, 2023/9 श्रावण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

भीमकुंड का पर्यटन स्थल के रूप में विकास

†1624. श्री विष्णु दत्त शर्मा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित भीमकुंड के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इसे पर्यटन स्थल घोषित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो भीमकुंड को उसकी वर्तमान जीर्ण-शीर्ण स्थिति से सुधार कर पुनर्स्थापित और पुनर्विकसित करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन के विकास की जिम्मेदारी मुख्यत संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की है । तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार तथा आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता आदि की शर्त पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने यह सूचित किया है कि राज्य पर्यटन विभाग में किसी स्थल/गंतव्य को पर्यटक स्थल घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं है । तथापि, भीमकुंड के पुनरुद्धार और विकास के लिए एक परियोजना तैयार और स्वीकृत की गई है । इस परियोजना के प्रमुख घटकों में बचाव के लिए सुरक्षा रेलिंग, मौजूदा सीढ़ियों का नवीकरण, सिट आउट, कथा मंच, लैंडस्केपिंग और सौंदर्यीकरण, संपर्क मार्ग, प्रवेश द्वार, कुंड की बहाली, शौचालय, पेयजल सुविधा, स्थानीय विक्रेताओं के लिए 10 दुकानें, साइनेज शामिल हैं । इन घटकों के निष्पादन के लिए पर्यटन विभाग, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 484.47 लाख रु. स्वीकृत किए गए हैं ।

*****